हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 6 जनवरी 2025

# मुख्यमंत्री ने की आदिवासी समुदाय से विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करने की अपील

## > राज्य सरकार आदिवासी कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**नागपुर.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आदिवासी समुदाय में जन्मजात खेल प्रतिभा होती है और केंद्र व राज्य सरकारें उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल, तकनीकी विशेषज्ञता और कौशल प्रदान करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में तैयार करने का प्रयास कर रही हैं। आदिवासी लड़के-लड़कियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार विशेष योजनाओं पर काम कर रही है।





मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह बात पुलिस मुख्यालय मैदान में जनजातीय विकास विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। इस अवसर पर जनजातीय विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके, विभाग के सचिव विजय वाघमारे और नागपुर के अतिरिक्त आयुक्त रवींद्र ठाकरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, एथलेटिक्स और स्वदेशी खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार की योजनाओं से आदिवासी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आश्रमशालाओं और अन्य विशेष प्रयासों के माध्यम से जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'ब्राइटर माइंड' जैसी पहलें छात्रों में अनूठी क्षमताओं का विकास कर रही हैं। कुल 974 लड़कों और 900 लड़कियों ने विभिन्न व्यक्तिगत और टीम खेलों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। अन्य पुरस्कार जनजातीय विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके और वित्त एवं योजना राज्य मंत्री एड. आशीष जयस्वाल ने वितरित किए।

### सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिवांश आश्रम और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। सरकारी आश्रमशालाओं के छात्रों ने 'ब्राइटर माइंड' पहल के तहत विशेष प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने आंखों पर पट्टी बांधकर किताबें पढ़ने और रंगों की पहचान करने जैसे कौशल दिखाए। समारोह में छात्रों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने कार्यक्रम को और अधिक रंगीन बना दिया।

# भविष्य की पीढ़ी में संतों के विचारों को समाहित करना आवश्यक: गडकरी

**नागपुर.**



महाराष्ट्र की संस्कृति संतों के वाङ्मय से जुड़ी हुई है। संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम महाराज, गजानन महाराज, गाडगे महाराज, तुकडोजी महाराज आदि संतों ने जीवन जीने का मार्ग बताया। सभ्य समाज निर्माण के लिए संतों के विचारों को आत्मसात करना आवश्यक है। इसके लिए भविष्य पीढ़ी में संतों के विचारों को प्रसारित करने का कार्य करना होगा। इससे समाज का निर्माण होगा और राष्ट्र निर्माण का उद्देश्य पूरा होगा, यह विचार केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज (शुक्रवार, 3 जनवरी) व्यक्त किए। विश्व वारकरी सेवा संस्था की ओर से जुना सुभेदार ले-आउट स्थित आदर्श मंगल कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में नितिन गडकरी उपस्थित थे। इस मौके पर विश्व वारकरी सेवा संस्था के संदीप काले भी मौजूद थे। नितिन गडकरी ने कहा, "महासागर में हर एक बूंद महत्वपूर्ण होती है, जैसे अंधकार को दूर करने के लिए एक छोटा दीपक भी महत्वपूर्ण होता है। सूर्य और चंद्रमा का अस्त हो सकता है, तारे विलीन हो सकते हैं, लेकिन तब भी दीपक अपने प्रयास को जारी रखते हुए अंधकार को दूर करने का प्रयास करता है।" उन्होंने आगे कहा कि संतों के विचार और उन्होंने जो संस्कार भक्तिमार्ग के माध्यम से दिए हैं, उन्हें भविष्य की पीढ़ी तक पहुंचाना है। संतों के विचार समाज को उज्ज्वल बनाने की दिशा में प्रेरणादायक हैं, जैसे एक तेजस्वी दीपक अंधकार को दूर करता है। गडकरी ने संत तुकाराम महाराज के अभंग का उदाहरण देते हुए कहा, "जे का रंजलें गांजले, त्यासी म्हणे जो आपुले... तोचि साधु ओळखावा, देव तेथेंचि जाणावा," और संस्कृत श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा, "आकाशात् पतितं तोयं, यथा गच्छति सागरम्..." इसके माध्यम से संतों के विचारों के महत्व को स्पष्ट किया। स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए गडकरी ने कहा कि विभिन्न धर्मों की श्रद्धा और भक्तियां एक ही परमेश्वर की ओर जाती हैं। समाज में जब भक्तिरस का संस्कार होता है, तो समाज में गुणात्मक परिवर्तन आता है। संतों के विचारों का अनुसरण करते हुए जातिवाद से ऊपर उठकर गुणों को महत्व देने की आवश्यकता है। 'आपके आशीर्वाद से ही मैं सफलता की ओर बढ़ा हूं," यह कहकर गडकरी ने अपने विजयी चुनावों और पिछले 10 वर्षों में नागपुर में किए गए कार्यों का श्रेय अपने समर्थकों को दिया।

# मनपा चुनाव में इस बार अकेले या गठबंधन में होगी भिड़ंत?

## > दलों की परेशानी बढ़ेगी

**नागपुर.** मनपा चुनाव जल्द होने की संभावना के साथ चुनाव लड़ने के इच्छुकों में हलचल शुरू हो गई। अहम सवाल बना हुआ है कि इस बार भाजपा व कांग्रेस अपने पुराने सहयोगियों को साथ रखेगी या नहीं। अकेले बल पर या गठबंधन में भिड़ंत होगी। विविध संभावनाओं के बीच क्षेत्रीय व राज्य स्तरीय दलों की अड़चनें बढ़ने के आसार हैं। भाजपा व कांग्रेस ने अभी सहयोगी तय नहीं किए हैं। दोनों दलों के प्रमुख खुले तौर पर कह रहे हैं कि गठबंधन का निर्णय स्थानीय स्तर पर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मार्च 2022 में मनपा पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नहीं हो पाए हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर चुनाव लंबित है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सरकार की ओर से बताया गया है



कि न्यायालय इस संबंध में जल्द ही अंतिम निर्णय सुनायेगी।

पिछले चुनावों के परिणाम देखें तो भाजपा की स्थिति मजबूत है। 2017 के चुनाव में भाजपा 151 में से 108 स्थान पर जीती थी। 53 प्रतिशत से अधिक मतदान पाया था। उत्तर नागपुर में 15 स्थानों पर पराजय को अलग रखा जाये तो भाजपा के 136 में से 108 उम्मीदवार जीते थे। भाजपा का जीत का प्रदर्शन 80 प्रतिशत से अधिक था। इससे पहले भाजपा गठबंधन के प्रयोग करती रही है। मनपा में सत्ता के लिए आरपीआई से लेकर मुस्लिम लीग से भी भाजपा ने गठबंधन किया, लेकिन पिछले चुनाव से भाजपा मित्रदलों से किनारा करती नजर आ रही है। कांग्रेस में समन्वय की दरकार : मनपा में कांग्रेस सत्ता में रही है, लेकिन पिछले 3 चुनावों से देखे तो उसमें समन्वय की दरकार देखी जा रही है। कांग्रेस की गुटबाजी कम नहीं हो पा रही है। परिणाम यह रहा कि 2012 में कांग्रेस के 41 नगरसेवक थे। 2017 में 29 ही रहे। इसमें भी कुछ सदस्य भाजपा की बी टीम की पहचान बनाए हुए हैं। शिवसेना व राकांपा सत्ता में सहभागी रही है। भाजपा के साथ गठबंधन में शिवसेना को उपमहापौर पद मिला। कांग्रेस गठबंधन में राकांपा उपमहापौर पद पाने में सफल रही थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। शिवसेना व राकांपा को गठबंधन में महत्व कम मिल रहा है। इस बीच दोनों दल में विभाजन से स्थिति और भी अलग हो गई है। 2017 में शिवसेना के 2 व राकांपा से 1 नगरसेवक जीते, लेकिन अब दोनों दल के दोनों गुट में नगरसेवक के तौर पर किसी का नाम तक प्रमुखता से सामने नहीं आ रहा है। वार्ड व प्रभाग को लेकर स्थिति बदलने की संभावना है। 2012 में 145 नगरसेवक थे। 2017 में 151 नगरसेवक चुने गए हैं। अब 156 नगरसेवक हो सकते हैं। 2017 में 4 सदस्यीय प्रभाग पद्धति थी। 2019 में आघाड़ी सरकार ने 2 सदस्यीय प्रभाग पद्धति का निर्णय लिया, लेकिन महायुति सरकार ने फिर से 4 सदस्यीय प्रभाग पद्धति का निर्णय लिया है। 2012 में 10 निर्दलीय नगरसेवक थे। 2017 में एक ही जीते। बसपा के 10 से 12 उम्मीदवार जीतते रहे हैं। बसपा इस बार भी अकेले बल पर चुनाव लड़ने की तैयार कर रही है। ऐसे में छोटे दलों के स्थानीय गठबंधन भी तैयार हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने एनएसएच हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का किया उद्घाटन

**नागपुर.** नागपुर के गंगाबाई घाट चौक क्षेत्र में भांगडिया फाउंडेशन द्वारा स्थापित एनएसएच क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक कृष्णा खोपड़े, कृपाल तुमाने, कीर्तिकुमार भांगडिया, पूर्व सांसद डॉ. विकास महात्मे, एनएसएच क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के अध्यक्ष मितेश भांगडिया, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव बियाणी, बाल रोग न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. उमेश बियाणी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नेहा बियाणी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता बियाणी, विनय बियाणी और श्रीकांत भांगडिया समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# ओम साईं ताज बहुद्देश्यीय संस्था ने किया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित

**नागपुर.** ओम साईं ताज बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संचालित धर्मार्थ दवाखाना और गायकवाड़ हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 5 जनवरी को फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 180 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कैंप के दौरान ओम साईं ताज बहुउद्देशीय संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र भांगरे, गायकवाड़ हॉस्पिटल के संचालक डॉ. गायकवाड़ और डॉ. विवेक कूहीटे उपस्थित रहे। इसके अलावा, धर्मार्थ दवाखाना की डॉ. प्राची भोयर, फार्मेसिस्ट सचिन वैरागढे और दोनों हॉस्पिटल्स का सपोर्ट स्टाफ भी अपनी सेवाएं देने में सक्रिय रहा। इस आयोजन से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए। आयोजकों ने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# गोधनी आरओबी सहित 7 ब्रिज का हुआ उद्घाटन

**नागपुर.** महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. (महा रेल) द्वारा निर्मित 7 रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों हुआ। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे पंजाबराव देशमुख कृषि महाविद्यालय क्रीड़ा मैदान, रामदासपेठ, नागपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की, जबकि केंद्रीय युवा एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अन्य गणमान्य अतिथियों में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गुलाबराव पाटिल, जयकुमार रावल, शिवेंद्रसिंह राजे भोंसले और प्रताप सरनाईक शामिल हुए।

# महामेट्रो नागपुर मैराथन का 8वां संस्करण संपन्न

**नागपुर.** नागपुर-महा मेट्रो नागपुर की ओर से 8वां संस्करण मैराथन स्थानीय,सभी दौड़ें इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ग्राउंड्स से शुरू हुईं और फिटनेस, एकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया एक प्रमुख आयोजन, जिसमें देशभर से हज़ारों प्रतिभागी शामिल हुए। यह आयोजन नागपुर की जुझारू भावना, दृढ़ निश्चय और उल्लास का प्रतीक बना। एक सुंदर दिन जब सभी ने मिलकर शक्ति, सहनशक्ति और दोस्ती की यात्रा का जश्न मनाया। चाहे दौड़ने वाले प्रतिस्पर्धा के लिए आए हों, दौड़ पूरी करने के लिए, महा मेट्रो नागपुर मैराथन ने सभी के लिए कुछ न कुछ पेश किया।

मैराथन का 8वां संस्करण "एडवेंचर्स एंड यू" द्वारा आयोजित किया गया, जो पिछले एक दशक से पूरे भारत में ऐसे आयोजन कर रहा है। दौड़ पांच श्रेणियों में आयोजित की गई सभी दौड़ें इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ग्राउंड्स से शुरू हुईं और वहीं समाप्त हुईं। पुरस्कार वितरण समारोह में महा मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्री श्रवण हार्डिकर ने कहा: "पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल जीवनशैली अपनाएं। जलवायु परिवर्तन की समस्या



अब हमारे सामने है और इसे स्वीकार करना आवश्यक है। हमें सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो, इलेक्ट्रिक वाहनों, साइकिलिंग और पैदल चलने जैसे उपाय अपनाने चाहिए। यह कदम हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेंगे।" उन्होंने सभी से अपने नए साल के लक्ष्य तय करने और उन्हें पूरा करने का आह्वान किया। साथ ही, तनाव मुक्त जीवन जीने और संगीत, खेल जैसे शौक अपनाने की सलाह दी।इस अवसर पर श्री अनिल कुमार कोकटे, श्री विनोद कुमार अग्रवाल, श्री हरेंद्र पांडे और अन्य प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित थे। मैराथन का आयोजन श्री मितेश रामभिया द्वारा किया गया।यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए बल्कि समाज में पर्यावरण जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

**अलग -अलग श्रेणियों के विजेता:**

**42 किमी पुरुष:**
श्री गंगाराम मौर्य: 03:35:36, छोटाराम: 03:45:29, वेणिगल्ला चौधरी: 03:57:41

**42 किमी महिला:**
ऋतुजा ढाके: 04:52:49, दीपमाला सालुंखे: 05:03:15

**21 किमी पुरुष:**
मनोहर बाराई: 01:24:02, ओमप्रकाश: 01:24:28, जितेंद्र पाटले: 01:26:17

**21 किमी महिला:**
भागीरथी: 01:24:56, 2. शीतल अंबेकर: 01:36:03, 3. निकिता साहू: 01:38:34

**10 किमी पुरुष:**

1. वैभव दांडेकर: 00:40:21(2. ) अतुल मानकर: 00:40:33 (3.) ऋषिकेश वडकर: 00:40:39

**10 किमी महिला:**
रीता तारारे: 00:43:22, अंकिता मानकर: 00:45:26, ऋतुजा मडावी: 00:45:27

यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए बल्कि समाज में पर्यावरण जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

# भारतीय जनता पार्टी ने शुरू किया सदस्यता अभियान

## > डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य

**नागपुर.** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार से राज्य में अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में इस अभियान का उद्घाटन करते हुए 25 नए सदस्यों को पार्टी में शामिल कराया। फडणवीस ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य में डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाना है, जिसमें केवल नागपुर शहर से सात लाख सदस्य बनाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत के पहले दो घंटे में ही नागपुर के 2200 बूथों पर 25 हजार नए सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर फडणवीस ने भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी और देश की सबसे अधिक लोकतांत्रिक मूल्यों वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा, "देश में गिनी-चुनी राष्ट्रीय पार्टियां हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो किसी परिवार के भरोसे नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है।




# चुनाव में मुख्यमंत्री कार्यालय से हस्तक्षेप का आरोप

## > कोर्ट में दायर की याचिका

**नागपुर.** विधानसभा चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप पर कांग्रेस कायम है। विदर्भ से कांग्रेस के 8 पराजित उम्मीदवारों ने बांबे उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ में याचिका दायर की है। आरोप है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से चुनाव कार्य पर दबाव लाया गया। मतदान के संबंध में विविध आशंकाएं व्यक्त की गई है। दक्षिण पश्चिम नागपुर में पराजित कांग्रेस उम्मीदवार प्रफुल गुडधे ने याचिका में उल्लेख किया है कि ईवीएम से मतदान प्रक्रिया पूरी कराने के संबंध में चुनाव आयोग ने कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की। ईवीएम से मतदान कराने के लिए कुछ मानक तय किए गए हैं। उस संबंध में कारण भी स्पष्ट नहीं किया गया। ईवीएम से मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग ने नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया।



चुनाव परिणाम आने के बाद मांगने पर भी पराजित उम्मीदवारों को सीसीटीवी फुटेज, फार्म नंबर 17 नहीं दिए गए। 5 वीवीपैट की पुनर्गणना की मान्यता है। इसके लिए आवश्यक राशि भुगतान करने के बाद भी वीवीपैट की गणना नहीं की जा रही है। सूचना अधिकार के तहत इस संबंध में जानकारी देना बंधनकारक है।

ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों से संबंधित याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है। एड.आकाश मून के माध्यम से याचिका दायर की गई है। याचिका के माध्यम से चुनाव रद्द कर पुन: चुनाव कराने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विरोध में दक्षिण पश्चिम नागपुर से पराजित उम्मीदवार प्रफुल गुडधे, दक्षिण नागपुर में गिरीश पांडव, तिवसा अमरावती से यशोमति ठाकुर के अलावा राजेंद्र शिंगणे, सुभाष धोटे, शेखर शेंडे, संतोषसिंह रावत, सतीश वारजूरकर ने याचिका दायर की है।




# अमृत वितरण का महापर्व है महाकुंभ

## > उपराजधानी से प्रयागराज जाएंगे श्रद्धालु

**नागपुर.**



युगों पहले अमृत की खोज में सागर को मथा गया। अमृत निकला, लेकिन इसे लेकर उन दो दलों में भीषण युद्ध हो गया, जिन्होंने इसे पाने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी। इसमें एक ओर थे देवता और दूसरे असुर। ये पहली बार था कि दो अलग-अलग तरह की संस्कृति, सोच और विचार रखने वाले लोग एक बड़े लक्ष्य के लिए एक साथ आए थे। वह लक्ष्य तक पहुंचे भी, लेकिन पा नहीं सके, क्योंकि लक्ष्य था अमृत और उस पर सिर्फ अपना ही अधिकार रखने की जिद व लालच के कारण छीना-झपटी हुई। इस छीना-झपटी में अमृत कलश (कुंभ) से अमृत छलका और 16 स्थानों पर गिरा। इनमें से चार पवित्र जगहों पर पृथ्वी पर और बाकी 12 जगहों पर स्वर्ग में गिरा। पृथ्वी पर जिन 4 जगहों पर अमृत गिरा वो हैं प्रयागराज, नाशिक, उज्जैन और हरिद्वार। यहां हर 12वें वर्ष में महाकुंभ स्नान का आयोजन होता है।

कुंभ अमृत वितरण का पर्व है। समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि का प्रागट्य अमृत कलश धारण किए होता है। वही अमृत, जिसके देवगण भी अभिलाषी रहे। कुंभ पर्थ पंथ, जाति, वर्ग और व्यक्ति सापेक्ष नहीं है, बल्कि उसका स्वरूप सर्वजनहिताय और सार्वभौम है। यथा सभी नदियां सागर में एकाकार हो जाती हैं। समाज के सभी जाति और पंथ कुंभ पर्व में स्व-होम कर एकरूप हो जाते हैं। कुंभ के अमृत वितरण में कोई बंधन नहीं, यहां वर्ग और वर्ण से परे सभी एक माला के मनके हो जाते हैं।

### हर 12 साल के बाद लगता है महाकुंभ मेला

हर 12 साल के बाद महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। कुंभ मेला दुनिया का सबसे विशाल, पवित्र, धार्मिक और सांस्कृतिक मेला है। यह मेला 45 दिनों तक चलता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि महाकुंभ मेला कब लगेगा और यह कितने प्रकार के होते हैं और कुंभ मेला की तिथि कैसे निर्धारित होती है। तो बता दें कि मेष राशि के चक्र में बृहस्पति, सूर्य और चन्द्रमा के मकर राशि में गोचर करने पर अमावस्या के दिन महाकुंभ मेला लगता है और यह मेला प्रयागराज में लगता है। महाकुंभ को लेकर शहर में भी धूम है। अनेक श्रद्धालु यहां से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले हैं।

CMYK

# चंदनपारडी सड़क पर गड्ढे या गड्ढे में सड़क?

> ग्रामीणों का प्रशासन से सवाल, सड़क निर्माण की मांग तेज

**कोंढाली/काटोल.**

नागपुर जिले के चंदनपारडी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सड़क की दुर्दशा ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है। चंदनपारडी को जोड़ने वाली सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क।चंदनपारडी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सड़क की दुर्दशा ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है। चंदनपारडी को जोड़ने वाली सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क।

चंदनपारडी से राजमार्ग तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग से रोजाना चार-पांच गांवों के लोग आवाजाही करते हैं। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालक, किसान, विद्यार्थी और महिलाएं जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। उपसरपंच रवींद्र गुंड ने बताया कि लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सांसदों और विधायकों से हस्तक्षेप की मांग की है। से राजमार्ग तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग से रोजाना चार-पांच गांवों के लोग आवाजाही करते हैं। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालक, किसान, विद्यार्थी और महिलाएं जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। उपसरपंच रवींद्र गुंड ने बताया कि लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सांसदों और विधायकों से हस्तक्षेप की मांग की है।



गांवों को शहरों से जोड़ने वाली यह सड़क यहां के किसानों और कारोबारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। किसान अपनी फसलें इसी रास्ते से बाजार तक पहुंचाते हैं। लेकिन सड़कों की दुर्दशा के कारण कई बार फसलें गड्ढों में गिर जाती हैं या समय पर बाजार नहीं पहुंचतीं। इससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

गड्ढों से भरी सड़क पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना कठिन हो गया है। एंबुलेंस भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पाती। गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। स्थानीय नागरिकों ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताया है। दूध उत्पादक किसान भी परेशानी में हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से उनके दूध के डिब्बे पलट जाते हैं। वहीं, विद्यार्थी समय पर स्कूल-कॉलेज नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण विभाग सिर्फ फंड की कमी का हवाला देता है। चिखली, खापा-नंदोरा, कोंढाली-पुसागोंदी और अन्य सड़कों की स्थिति भी चंदनपारडी जैसी ही है। इस संबंध में सरपंच और उपसरपंचों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।पहुंचाना कठिन हो गया है। एंबुलेंस भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पाती। गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। स्थानीय नागरिकों ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताया है। दूध उत्पादक किसान भी परेशानी में हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से उनके दूध के डिब्बे पलट जाते हैं। वहीं, विद्यार्थी समय पर स्कूल-कॉलेज नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण विभाग सिर्फ फंड की कमी का हवाला देता है। चिखली, खापा-नंदोरा, कोंढाली-पुसागोंदी और अन्य सड़कों की स्थिति भी चंदनपारडी जैसी ही है। इस संबंध में सरपंच और उपसरपंचों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।



### नए निर्माण कार्य शुरू करने की मांग

काटोल के निर्माण उपविभागीय अधिकारी डी. वाया गभाने ने कहा कि सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य तभी शुरू हो सकता है, जब फंड उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत और नए निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि इन सड़कों की स्थिति में सुधार न हुआ तो नागरिक आंदोलन तेज किया जाएगा।

# तैलिक समाज ने किया गजानन महाराज पालकी का स्वागत

**कामठी.**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गजानन महाराज की पालकी येरखेड़ा कामठी पहुंचते ही तैलिक समाज कामठी की ओर से न्यू येरखेड़ा कार्यालय के सामने समाज के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर गजानन महाराज की पालकी का स्वागत किया. वहीं पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया. गण गण गणत बोते! सबसे प्रिय शब्दों का गगनभेदी जयघोष किया गया. भक्तिभाव से भरे वातावरण में माऊली गजानन की पालकी के आगमन के साथ ही समाज के लोगों ने हरि पत की तालमृदंग गजर की ध्वनि के बीच अत्यंत अनुशासित पालकी समारोह में सहजता से भाग लेकर महाराज की पालकी दर्शन का लाभ उठाया. पालकी समारोह में संस्था के अध्यक्ष राधेशाम हटवार, गोपाल वंजारी, हरिहर गायधने, सुरेश भनारे, भैयालाल माकड़े, रमेश कारेमोरे, प्रभाकर गायधने, विजय वंजारी, राधेश्याम




मानकर, गजानन वैद्य, संजय तलमले, दिनेश आष्टनकर, अतुल गायधने, बादल कारेमोरे, देवराव आकरे, साई आकरे, माधुरी वंजारी, उषा कारेमोरे, कल्पना गायधने, कविता हटवार एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे.पुष्पवर्षा कर गजानन महाराज की पालकी का स्वागत किया. वहीं पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया. गण गण गणत बोते! सबसे प्रिय शब्दों का गगनभेदी जयघोष किया गया. भक्तिभाव से भरे वातावरण में माऊली गजानन की पालकी के आगमन के साथ ही समाज के लोगों ने हरि पत की तालमृदंग गजर की ध्वनि के बीच अत्यंत अनुशासित पालकी समारोह में सहजता से भाग लेकर महाराज की पालकी दर्शन का लाभ उठाया. पालकी समारोह में संस्था के अध्यक्ष राधेशाम हटवार, गोपाल वंजारी, हरिहर गायधने, सुरेश भनारे, भैयालाल माकड़े, रमेश कारेमोरे, प्रभाकर गायधने, विजय वंजारी, राधेश्याम मानकर, गजानन वैद्य, संजय तलमले, दिनेश आष्टनकर, अतुल गायधने, बादल कारेमोरे, देवराव आकरे, साई आकरे, माधुरी वंजारी, उषा कारेमोरे, कल्पना गायधने, कविता हटवार एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे.

# नगर प्रशासन ने फुटपाथ से दुकानों का अतिक्रमण हटाया

**कन्हान.**

शहर में नागपुर-जबलपुर महामार्ग पर स्थित फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमण दस्ते ने आखिर उठा दिया. उनकी रोजी-रोटी तथा अपने परिवार के उधर निर्वाह वह परिवार के पालन पोषण की चिंताएं उनके मन पर झलक रही थी. ब्रुक बॉन्ड पुराने चाय कंपनी के कंपाउंड से लगी फुटपाथ दुकानदार की दुकानों को आखिरकार गिरा दिया गया. जिसमें सुबह से नगर परिषद के कार्यालय के समक्ष दुकानदारों तथा महिलाओं का अधिक संख्या में जमावड़ा दिखाई दिया. प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार यह जमीन हिंदुस्तान लीवर कंपनी ने ग्रोमोर वेंचर्स को बेचे जाने के बाद इस जमीन पर प्लाट लेआउट डालने के कारण दुकानदारों में कई दिनों से इस समस्या को लेकर कशमकस शुरू थी. दुकानदारों ने इस संबंध में नगर परिषद कार्यालय में लिखित निवेदन देकर इस जमीन पर रोजगार हेतु कंपनी खोले जाने की मांग की थी.

ज्ञात हो कि शहर में कोई भी जगह खाली नहीं होने के कारण साप्ताहिक बाजार, खेल का मैदान, बस स्टॉप बनाए जाने की सामाजिक, राजनीतिक पार्टियों से संपर्क कर इस समस्या को हल करने की पेशकश की गई थी. नगर में बेरोजगार युवकों को रोजगार



मिले इसका भरपूर प्रयास प्रयास किया गया था. मगर नगर परिषद ने आनंद फानन में दुकानदारों को हटाने के लिए 5 दिन पूर्व नोटिस निकाल कर उनके उनकी दुकानों पर चिपका दिया गया. नगर परिषद के इस कार्रवाई में मुख्य अधिकारी दीपक घोडके, पीडबलुडी के अधिकारी, पुलिस विभाग के डीवाय एस.पी. संतोष गायकवाड, कन्हान थाना के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पाटिल तथा उनके पुलिस कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई. देर शाम तक क्रेन मशीनों से दुकान हटाने का कार्य चलता रहा. दुकान टूटे जाने पर दुखी होकर छोटे दुकानदारों का दर्द झलकता नजर आया, जिसपर दुकानदारों ने नगर परिषद के समक्ष अपना विरोध भी दर्शाया तथा राहत दिए जाने की मांग की गई.ग्रोमोर वेंचर्स को बेचे जाने के बाद इस जमीन पर प्लाट लेआउट डालने के कारण दुकानदारों में कई दिनों से इस समस्या को लेकर कशमकस शुरू थी. दुकानदारों ने इस संबंध में नगर परिषद कार्यालय में लिखित निवेदन देकर इस जमीन पर रोजगार हेतु कंपनी खोले जाने की मांग की थी. ज्ञात हो कि शहर में कोई भी जगह खाली नहीं होने के कारण साप्ताहिक बाजार, खेल का मैदान, बस स्टॉप बनाए जाने की सामाजिक, राजनीतिक पार्टियों से संपर्क कर इस समस्या को हल करने की पेशकश की गई थी. नगर में बेरोजगार युवकों को रोजगार मिले इसका भरपूर प्रयास प्रयास किया गया था.

मगर नगर परिषद ने आनंद फानन में दुकानदारों को हटाने के लिए 5 दिन पूर्व नोटिस निकाल कर उनके उनकी दुकानों पर चिपका दिया गया. नगर परिषद के इस कार्रवाई में मुख्य अधिकारी दीपक घोडके, पीडबलुडी के अधिकारी, पुलिस विभाग के डीवाय एस.पी. संतोष गायकवाड, कन्हान थाना के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पाटिल तथा उनके पुलिस कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई. देर शाम तक क्रेन मशीनों से दुकान हटाने का कार्य चलता रहा. दुकान टूटे जाने पर दुखी होकर छोटे दुकानदारों का दर्द झलकता नजर आया, जिसपर दुकानदारों ने नगर परिषद के समक्ष अपना विरोध भी दर्शाया तथा राहत दिए जाने की मांग की गई.

# वाड़ी पुलिस स्टेशन में पुलिस स्थापना दिवस का आयोजन

**वाडी.**



वाडी पुलिस स्टेशन में पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था।वाडी थाने के पीआई राजेश तटकरे ने महिला सुरक्षा, उनके अधिकार और साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से महिलाएं सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग कर सकती हैं। साथ ही, साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने और उससे बचने के उपायों पर भी चर्चा की गई।इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी कदम बताया। पीएसआई सतीश गुलबे, डब्ल्यूपीएसई निकिता कोठे अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर हैं।कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की भी सक्रिय भागीदारी रही, पुलिस ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाने की जानकारी अमलदार दिनेश तांदुलकर ने दी।

# सपा ने सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई

**नागपुर.**

समाजवादी पार्टी महिला सभा और नागपुर महानगर समाजवादी पार्टी की ओर से सपा महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाई.चवरे की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाई.

जयंती के अवसर पर क्रांतीज्योती सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर महाराष्ट्र सभा की अध्यक्षा माया चवरे, महासचिव डॉ.विलास सुरकर द्वय द्वारा माल्यार्पण कर सामूहिक विनम्र अभिवादन किया गया. माया चवरे ने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत देश की प्रथम शिक्षिका थी. सावित्री फुले ने पूना शहर में दलित व पिछड़े समाजों की बस्ती में 1845 में 18



कन्या पाठशाला खोलकर शिक्षा की ज्योति जलाई. सावित्रीबाई फुले की जीवनी साहसिक अदम्य शौर्य शैक्षिक विचारक थी। इस अवसर समाजवादी पार्टी नागपूर महानगर के अध्यक्ष रमेश शर्मा, सुधाकर धुर्वे, ज्ञानेश्वर हुमणे, आशा निमगड़े, वर्षा ढवले, लीना बोधनकर, संगीता शेन्डे, गीता ताकसांडे, शकुंतला सोमकुंवर, प्रतिभा पाटील आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.अध्यक्षा माया चवरे, महासचिव डॉ.विलास सुरकर द्वय द्वारा माल्यार्पण कर सामूहिक विनम्र अभिवादन किया गया. माया चवरे ने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत देश की प्रथम शिक्षिका थी. सावित्री फुले ने पूना शहर में दलित व पिछड़े समाजों की बस्ती में 1845 में 18 कन्या पाठशाला खोलकर शिक्षा की ज्योति जलाई. सावित्रीबाई फुले की जीवनी साहसिक अदम्य शौर्य शैक्षिक विचारक थी। इस अवसर समाजवादी पार्टी नागपूर महानगर के अध्यक्ष रमेश शर्मा, सुधाकर धुर्वे, ज्ञानेश्वर हुमणे, आशा निमगड़े, वर्षा ढवले, लीना बोधनकर, संगीता शेन्डे, गीता ताकसांडे, शकुंतला सोमकुंवर, प्रतिभा पाटील आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# बुद्धभूमि में भदंत आनंद कौशल्यायन की जयंती मनी




**कामठी.**

नागपुर रोड स्थित येरखेड़ा में बौद्ध प्रशिक्षण संस्था, बुद्धभूमि महाविहार के तत्वावधान में आज, रविवार 5 जनवरी को बौद्ध भिक्षु, विद्वान और विपुल लेखक डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन की जयंती हर्षोल्लास मनाई गई.

कार्यक्रम दौरान केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, पूर्व राजमंत्री व ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे, कामठी पंचायत समिति सदस्य सुमेध मधुकर रंगारी, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता मधुकर रंगारी सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें. ज्ञात हो कि आधुनिक भारत को बौद्ध साहित्य विशेषकर पालि साहित्य से परिचित करवाने वाले विद्वानों में रत्नत्रय भदन्त आनन्द कौसल्यायन, भिक्खु जगदीस कस्सप और राहुल सांकृत्यायन का बहुमूल्य योगदान है. उन्हीं रत्नत्रय में से आज के दिन अर्थात 5 जनवरी, 1905 को भदन्त आनन्द कौसल्यायन का जन्म अविभाजित पंजाब के अम्बाला जिले के 'सोहना' नामक गाँव में हुआ था. बाल्यकाल में परिवार के लोग इन्हें 'हरिनाम दास' नाम से पुकारते थे, बाद में श्रीलंका में उपसंपदा हो जाने पर उन्हें भदन्त आनन्द कौसल्यायन नाम मिला.

कार्यक्रम की अध्यक्षता भदंन्त सत्यशिल महास्थविर की. कार्यक्रम मे एकीकृत नेपाल भीक्खु संघ के पूर्व अध्यक्ष भदंन्त मैत्री महास्थविर, श्रीलंका महामेहुना मोनेस्ट्री के भदंन्त अभीभु गुनानंद स्थविर, प्रा. डॉ. मालती साखरे, प्रा. डॉ. सुजित बोधी, प्रा. डॉ. रोजा मेश्राम बन्सोड, विलास गजघाटे, महेंद्र मानकर, दयाल बहादुरे, राजन वाघमारे, बाळु घरडे, भदंन्त द्वय डॉ. धम्मदिप महापंथ धम्मधर शिलरंक्षित, डॉ. चिंचाल मेतानंद, डॉ. सिलवंस संघकिर्ती अश्वघोष, ज्ञानबोधी पंय्याश्री आदि मान्यवर व्यक्ती प्रमुख रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम मे प्रास्ताविक भदंन्त प्रज्ञाज्योती ने एवं संचालन भदंन्त नाग दिपंकर तथा आभार प्रदर्शन भदंन्त सिवनी बोधानंद ने व्यक्त किया.



# वडोदा में सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मंदिर का भूमिपूजन

**कामठी.**

वडोदा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 2 में ठवकर लेआउट में क्षी चक्रधर स्वामी मंदिर का भूमिपूजन उद्योगपति कमलेश ठवकर के हस्ते किया गया. वडोदा में सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी सेवा भावी ट्रस्ट द्वारा आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम सरपंच राजू थोटे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच दत्तू हलमारे, तपस्विनि अश्विनि येळमकर, राजेश काकडे, ग्राम पंचायत सदस्य राकेश निषाणे, ग्राम पंचायत सदस्य तारा भोयर, संजय खराबे, पुलिस पाटील रविद्र हरने, वावरे तलाटी, चंदू वैध, विशाल गाडबैल, ट्रस्ट की अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सदस्या अर्चना विशाल गाडबैल, सचिव संजय पिंपले, राजेंद्र करडभाजने, योगिता अटारकर, भास्कर पानतावणे, कुंदा अटारकर, चैतन्य राऊत, रेवनाथ गावंडे, सोपान वानखेडे, मंगला शेंडे, गुंडू खराबे, चक्रधर कोगे, वुषभ अटारकर, महानुभाव पंथ के अन्य सदस्य सहित नागरिक उपस्थित रहे.

# आज से तीन दिवसीय प्रवचनमाला का आयोजन

**नागपुर.**

सद्गुरू धुंडामहाराज और मातोश्री कृष्णामाई देगलूरकर की स्मृतीप्रित्यर्थ तीन दिवसीय प्रवचनमाला सोमवार 6 जनवरी से शुरू होगी. प्रवचनमाला 6 से 8 जनवरी तक रोजाना शाम 6 बजे सायंटिफिक सभागृह, आठ रस्ता चौक, राणी लक्ष्मीनगर मे आयोजित होगा. प्रवचनमाला का यह 9 वा साल है. 'योग याग विधी-हरिपाठ' पर पंढरपूर के ह.भ.प. चैतन्यमहाराज देगलूरकर प्रवचन देंगे. यह जानकारी आयोजक मंदा चौधरी एवं परिवार ने दी. धुंडामहाराज और मातोश्री कृष्णामाई देगलूरकर की स्मृतीप्रित्यर्थ तीन



दिवसीय प्रवचनमाला सोमवार 6 जनवरी से शुरू होगी. प्रवचनमाला 6 से 8 जनवरी तक रोजाना शाम 6 बजे सायंटिफिक सभागृह, आठ रस्ता चौक, राणी लक्ष्मीनगर मे आयोजित होगा. प्रवचनमाला का यह 9 वा साल है. 'योग याग विधी-हरिपाठ' पर पंढरपूर के ह.भ.प. चैतन्यमहाराज देगलूरकर प्रवचन देंगे. यह जानकारी आयोजक मंदा चौधरी एवं परिवार ने दी.

# नागपुर में बर्ड फ्लू से 3 बाघ और एक तेंदुए की मौत

> टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स के लिए अलर्ट जारी

**नागपुर.**

महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में तीन बाघ और एक तेंदुए की H5N1 वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई है. ये मौतें दिसंबर महीने में हुई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने पूरे महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी किया गया. इन जानवरों को दिसंबर में चंद्रपुर से गोरेवाड़ा ट्रांसफर किया गया था, जहां वे बर्ड फ्लू से संक्रमित पाए गए थे.

बताया जा रहा है कि एक बाघ की मौत 20 दिसंबर को हुई थी, जबकि दो अन्य की मौत 23 दिसंबर को हुई. उनकी मौतों के बाद उनके सैंपल्स आईसीएआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज को भेजा गया था, जहां सैंपल्स की जांच की गई जो कि H5N1 के लिए पॉजिटिव पाए गए.

लैब्स में सैंपल की जांच रिपोर्ट 1 जनवरी को सामने आई, जिससे पता चला कि जानवरों की मौत H5N1 वायरस से हुई थी. इसके बाद सभी





रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर को अलर्ट जारी किया गया. फिलहाल अधिकारी इन जानवरों में पाए गए वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे हैं.

तीन बाघों और तेंदुए के सैंपल की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सेंटर में मौजूद अन्य 26 तेंदुए और 12 बाघों की भी जांच की गई, लेकिन वे स्वस्थ्य पाए गए. हालांकि, जानकार बताते हैं कि इन जानवरों में बर्ड फ्लू की शिकायत संक्रमित या रॉ मांस खाने की वजह से होती है.

### वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे अधिकारी

लैब्स में सैंपल की जांच रिपोर्ट 1 जनवरी को सामने आई, जिससे पता चला कि जानवरों की मौत H5N1 वायरस से हुई थी. इसके बाद सभी रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर को अलर्ट जारी किया गया. फिलहाल अधिकारी इन जानवरों में पाए गए वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे हैं.र बताते हैं कि इन जानवरों में बर्ड फ्लू की शिकायत संक्रमित या रॉ मांस खाने की वजह से होती है.

# 194 लोगों को सर्पदंश, 22 की हुई मौत



**गोंदिया.** बारिश के दिनों में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में जनवरी से दिसंबर तक एक साल की अवधि में 194 लोगों को सांप ने काटा है. स्वास्थ्य प्रशासन ने बताया है कि इलाज के दौरान 22 लोगों की मौत हो गई. बारिश के दिनों में सर्पदंश की घटनाएं काफी बढ़ जाती हैं. इसके अलावा रबी सीजन के दौरान ग्रामीण इलाकों में कृषि कार्य करते समय सर्पदंश के सबसे ज्यादा मामले सामने आते हैं. जिस व्यक्ति को सांप ने काट लिया हो उसे तुरंत इलाज की जरूरत होती है. सर्पदंश के अधिकतर मामले ग्रामीण क्षेत्रों में होते हैं. कृषि कार्य करते समय अचानक सांप पर पांव पड़ जाने से किसानों को सर्पदंश हो जाता है.

# पीएम किसान का नया नियम, लाभार्थी आधे

**गोंदिया.**

केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान योजना के लिए नई नियमावली जारी कर दी है. इसके बाद गोंदिया जिले में हुए निरीक्षण में लाभार्थी किसानों की संख्या आधी निकली. नए नियमों में विरासत के अधिकार को छोड़कर अगर जमीन 2019 से पहले खरीदी गई है तो उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा. पीएम किसान योजना के लिए नाम दर्ज कराते समय पति, पत्नी और बच्चों का आधार कार्ड जोड़ना होगा. परिवार में से किसी एक को ही लाभ मिलेगा. राज्य सरकार ने नमो शेतकर योजना भी शुरू की है. लाभार्थी किसान को प्रति वर्ष 3 किस्तों में 6 हजार रु. मिल रहे हैं. इस योजना में एक ही परिवार के पति-पत्नी या 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे में से कोई एक यह लाभ ले सकता है.




इस योजना का लाभ 2019 से पहले प्रतिलिपि पर नाम दर्ज होने पर या विरासत द्वारा नाम दर्ज होने पर मिलेगा. इस योजना से लाभान्वित होने के लिए, यह बताया गया है कि पति, पत्नी और बेटे के साथ-साथ जिन लोगों ने 2019 के बाद अपने नाम पर जमीन प्राप्त की है, वे जमीन को अपने नाम पर दिखाकर लाभ ले रहे हैं. यदि पात्र लाभार्थी किसान की मृत्यु हो गई है तो परिवार के केवल एक सदस्य को ही लाभ मिल सकता है. पहले जिले में 2 लाख 20 हजार लाभार्थी थे. अब यह संख्या 1 लाख 9 हजार 164 हो गई है.

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### मालती महोरे

**नागपुर.** विवेकानंद नगर में रहने वाली मालती मधुसूदन महोरे, निवासी प्लॉट नंबर 67/ए का रविवार को दोपहर 12:04 बजे निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सहकार नगर घाट पर किया गया। वह अपने पीछे पति मधुसूदन महोरे, पुत्र शेखर महोरे और पुत्री आरती चिमलवार को छोड़ गई हैं।

# पोरवाल कॉलेज में कल संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन



**कामठी.** स्थानिक सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में मंगलवार 7 जनवरी को सुबह 10:30 बजे स्व. सेठ नेमकुमार पोरवाल की जयंती संस्थापक दिवस के रूप में मनाई जाएगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता एस. पी. एम. डेवलपमेंट डाइरेक्टर अशोककुमार भाटीया करेंगे. इस अवसर पर अतिरिक्त जनजातीय आयुक्त नागपुर डॉ. रविंद्र ठाकरे (आई.ए.एस.) प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे. साथ ही विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर की पूर्व हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. वीणा दाढ़े उपस्थित रहेंगी. कार्यक्रम में शिक्षक प्रसारक मंडल के अध्यक्ष सुनीलकुमार पोरवाल, (सी.ई.ओ.) डॉ. एस. एस. धोंडगे, सचिव विजयकुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण, कार्यक्रम संयोजक प्रा. डॉ. इफ्तेखार हुसेन, उपप्राचार्या डॉ. रेनु तिवारी, उपप्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, प्राध्यापक गण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे .

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 135-9 | 367-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 389-0 | 478-9 |

# सेवानिवृत्त शिक्षक व कर्मियों ने स्थगित किया अनशन

## > तहसील के 40 पदाधिकारियों के सामने विस्तृत चर्चा

**गोंदिया.**

सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर संगठन ने 2 जनवरी से भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था. लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मांगें पूरी करने का आश्वासन देने के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया. जिला अध्यक्ष एल. यु. खोब्रागडे के नेतृत्व में संगठन के सभी तहसील और जिला पदाधिकारियों ने जिप सीईओ मुरूगानंथम, मुख्य लेखा वित्त अधिकारी जनार्दन खोटरे, शिक्षा अधिकारी सुधीर महामुनि, स्वास्थ्य अधिकारी वाघमारे, जनार्दन राऊत और सभी कर्मचारियों के साथ-साथ तहसील और जिले के 40 पदाधिकारियों के सामने विस्तृत चर्चा की गई.

### शिक्षा अधिकारी को रामरामे, भेंडारकर और सहारे दिए निर्देश

शिक्षा विस्तार अधिकारी तुरकर, रामरामे भेंडारकर और शहारे को किश्तें निकालने के & निर्देश दिए. सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को एक सप्ताह में समीक्षा कर स्वास्थ्य कर्मियों को नक्सल भत्ता और एक स्तर बकाया का भुगतान करने को कहा गया है. बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों ने शिकायत की कि समूह बीमा राशि वितरण में वरिष्ठों की बजाय कनिष्ठों को पहले राशि दी जाती है. बैठक में इसका प्रमाण दिया गया. नागपुरे ने इसकी समीक्षा की तो सीईओ ने लेखा वित्त अधिकारियों को पहले वरिष्ठ लोगों को देने का निर्देश दिया.

इसमें कहा गया कि ग्रेच्युटी से कम्प्यूटर से निकली रकम (लगभग 8 करोड़) 15 जनवरी तक जिले के सभी कर्मचारियों के खाते में जमा कर दी जाएगी. 15 जनवरी तक अनुदान के अनुसार ग्रेच्युटी व किश्त राशि (15 करोड़) वरिष्ठता के अनुसार देने की बात कही. 15 शिक्षकों और अन्य सभी गैर-शिक्षण कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग की शेष 5वीं किश्त का भुगतान करने पर सहमति दी गई.

# वसुंधरा को बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी

## > अभियान का दायरा बढ़ाते हुए सक्रिय भागीदारी जरूरी

**सालेकसा.**

प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. यदि वसुंधरा ही नष्ट हो गई तो हम एक नहीं होंगे. वसुंधरा हमारी असली संपत्ति है और इसकी रक्षा करना हर किसी की जिम्मेदारी है. ऐसा प्रतिपादन सत्यपाल महाराज के शिष्य सप्तखंजिरी वादक व समाज प्रबोधनकार पंकजपाल महाराज ने ग्राम पंचायत नानवा की ओर से आखर मैदान में आयोजित मेरी वसुंधरा अभियान जनजागृति कार्यक्रम में किया. मेरी वसुंधरा अभियान जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजय पुराम की अध्यक्षता में उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड ने किया. इस अवसर पर तहसीलदार नरसैया कोंडागुर्ले, मंडल कृषि अधिकारी नंदू वानखेड़े, जिला परिषद सदस्य विमल कटरे, पंचायत समिति सदस्य अर्चना मडावी उपस्थित थे. आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया.



कार्यक्रम में उपस्थित सप्तखंजरी वादक पंकजपाल महाराज को उनके सहयोगी पांडुरंग राऊत, संतोष आमटे, विलास राऊत, महादेव गावंडे ने मेरी वसुंधरा अभियान ने विशेष सहयोग दिया. इस मौके पर विधायक संजय पुराम ने कहा कि बदलते पर्यावरणीय माहौल में स्थिरता बनाए रखने के लिए जीवन की सुरक्षा के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना समय की मांग बन गई है. ऐसे में इस अभियान का दायरा बढ़ाते हुए लोगों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है.

**सरकार से मिलेगा आवश्यक सहयोग : गायकवाड़**

उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड़ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों में नई संकल्पनाओं का स्वागत है और इस कार्य के लिए सरकार से आवश्यक सहयोग मिलेगा. सफलतार्थ सरपंच गौरीशंकर बिसेन, उपसरपंच उर्मिला भंडारी, ग्रामविकास अधिकारी शिवाजी राठोड, ग्रापं सदस्य प्रशांत टेंभुर्णीकर, मुनीबाई ठाकरे, सोमेश्वर वरखेडे, भाग्यश्वरी कटरे, अशोक कटरे, विजय शरणागत, सुनिता भोंडे, उषा हरिणखेडे, देवेंद्र शेंडे, जलापूर्ति कर्मचारी राकेश भंडारी, हेमेंद्र पटले, दीक्षा टेकाम आदि ने प्रयास किया.

# वर्ष भर में 10.50 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी, 1,333 लोग शिकार

**गोंदिया.**

छोटी दुकानों में यूपीआई भुगतान से लेकर बड़े-बड़े बैंकिंग ट्रांसफर तक डिजिटल हो गए हैं. लोगों की सारी डिटेल्स इन दिनों इंटरनेट पर हैं. इसके साथ ही साइबर अपराध की दर में भी काफी वृद्धि हुई है. धोखाधड़ी करने वाले कभी ई-मेल, कभी फोन और कभी-कभी सोशल मीडिया अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं. सेक्सटॉर्शन, हनी ट्रैप भी ऐसे ही कुछ तरीके हैं. वर्ष 2024 में जिले के 1 हजार 333 नागरिकों से साइबर अपराधियों ने 10 करोड़ 50 लाख 5 हजार 719 रु. की ठगी की है. पुलिस द्वारा नागरिकों से लगातार अपील की जाती है कि वे किसी भी प्रलोभन या कार्रवाई की धमकी में न आएं.



उसके बाद भी, बैंक खाते में करोड़ों रु. होने के बावजूद कई लोग अभी भी एक लिंक पर क्लिक करके 100, 200 रु. कमाने के लालच में हैं. लेकिन कुछ महीनों तक लाखों-करोड़ों रु. गंवाने के बाद धोखाधड़ी का एहसास होते ही पुलिस से संपर्क किया जाता है.

जिससे व्यक्ति को आर्थिक के साथ-साथ मानसिक क्षति भी होती है. शेअर्स और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश को प्रेरित करने वाले वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हो गई है.

वेबसाइट के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें. अज्ञात लिंक या वेबसाइट पर जाने से बचें. खतरनाक और नकली वेबसाइटों को एंटीवायरस से ब्लॉक करें.

नागरिक सावधान रहे और किसी को भी कोई व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी नंबर न दे, यदि उन्हें नौकरी के लिए कॉल आती है, तो उन्हें संबंधित कंपनी से संपर्क करना चाहिए और उचित सत्यापन प्रस्तुत करने के बाद ही जानकारी देनी चाहिए.

# एम बी कॉटेक्स जिनिंग में लगी आग

## > अग्निशमन दल की तत्परता से टला बड़ा संकट



**दिग्रस।**

दिग्रस-मानोरा मार्ग पर रामनगर के करीब में स्थित एम बी कॉटेक्स जिनिंग एंड प्रेसिंग की रेचे मशीन में कपास को आग लगने से आसपास की कपास ने भी आग पकड़ ली. बीते 3 जनवरी को दोपहर 1 बजे घटीत इस घटना में रेचे मशीन का भी नुकसान हुआ है.

उक्त मशीन में अचानक लगी आग से कपास धदग उठी और आग ली लपटे भी उठी जिसे देखते ही मजदूरों में हड़कंप मच गया और मजदूरों ने तत्काल मशीन का पावर सप्लाई बंद किया. जिनिंग मालक मंगेश मॅडमवर ने कृषी उपज बाजार समिति सचिव अभय गंगथडे को इसकी सूचना दी उन्होंने तत्काल दिग्रस नगर पालिका के अग्नि अग्निशमन दल को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही अग्निशमन दल के सागर शेलके, सहदेव उघडे, अंकुश इंगोले आदि ने तत्काल घटनास्थल पहुंच कर सफलतापूर्वक आग पर काबू पाया जिस वजह से एक बड़ा संकट टल गया. खबर लिखे जाने तक आग लगने का कारण सामने नही आया था.

# ज्ञानदीप विद्यानिकेतन विद्यालय में महोत्सव आयोजित

**हिंगनघाट.**

सृजन वार्षिक स्नेह सम्मेलन ज्ञानदीप विद्यानिकेतन हिंगनघाट में संस्थापक गिरधर बाबूजी राठी, अध्यक्ष अर्पणा राठी, सचिव राशेष राठी, कोषाध्यक्ष प्रवीण धोबे, प्राचार्य अभिनव जयसवाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में 25 दिसम्बर 2024 एवं 26 दिसम्बर 2024 को विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दिन गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी और कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने जोरदार नृत्य प्रस्तुति दी।

शैक्षणिक कार्यक्रम में मंच पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस समारोह में विद्यार्थियों ने सर्वाधसंभव एवं शूरोवीर सैनिक नाटिका, सौंदर्य से भरपूर लावणी, तानाजी मालुसरे की उपलब्धियों को दर्शाने वाला वीर नृत्य, बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए नारी शक्ति नृत्य, विभिन्न राज्यों की नृत्य शैली दर्शाने के लिए नृत्य एवं सामाजिकता बढ़ाने के लिए नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेषता थी विज्ञान के प्रति जागरूकता एवं निष्ठा समारोह का संचालन विद्यार्थियों ने ही किया। दर्शकों ने भी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। 'वार्षिक पुनर्मिलन छात्रों के जीवन में एक खुशी का क्षण है। इसके माध्यम से शिक्षण संस्थान द्वारा उनकी प्रतिभा को गौरवान्वित किया जाता है। यह छात्र नेतृत्व और विशेषज्ञता के लिए गुंजाइश प्रदान करता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री गिरधर बाबूजी राठी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेतृत्व के गुण न केवल राजनीतिक क्षेत्र में बल्कि व्यावसायिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में भी उपयोगी होते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती के मौके पर मनाया 'बालिका दिवस'

## बालिकाओं ने परिधान की आकर्षक वेशभूषा



**दिग्रस।**

तहसील के चिरकुटा जिला परिषद स्कूल में 3 जनवरी को क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले की जयंती 'बालिका दिन' के रूप में मनाई गयी. उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा प्रतिमा पूजन से किया गया. कार्यक्रम में अध्यक्ष के तौर पर मुख्याध्यापक संजय ढोले, प्रमुख अतिथि के रुप मे शाला समिति अध्यक्ष पांडुरंग काले सहित सहायक शिक्षक मोतीराम पारधे, सागर मागलेकर, धन्नु मस्के, सलिम नौरगांबादे, मनोज पद्मावार, अंगणवाडी सेविका अनुसया वाठोरे उपस्थित थे. अपने अध्यक्षीय भाषण में मुख्याध्यापक संजय ढोले कहा कि, महाराष्ट्र सरकार ने सन 1955 से 3 जनवरी को 'बालिका दिन' के रुप में मनाने की शुरूआत की. एक जमाने में महिलाओं का अस्तित्व केवल चूल्हे तक और बच्चें पैदा करने तक ही सीमित था ,लेकिन आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक अपना योगदान दे रही है. महिलाओं की यह उपलब्धि का जश्न बालिका दिवस के रुप मे मना कर उन्हें प्रोत्साहन देना जरुरी है. इस कार्यक्रम में बालिकाओं ने क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले की वेशभुषा परिधान कर ध्यानाकर्षण किया.

इस मौके पर नन्ही छात्राओं का पुष्पहारों से सन्मान किया गया. होनहार बालिकाओं ने गीत गायन किया और क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले के योगदान पर पर प्रकाश डाला. इस कार्यक्रम में मान्यवरों ने विद्यार्थियों के समक्ष क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के जीवनकार्यों से विद्यार्थियों को रुबरु कराया. इस कार्यक्रम का संचालन कु समिक्षा उमरे ने किया वहीं धन्नु मस्के ने आभार प्रदर्शन किया.

# दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत अन्य 3 जखमी

## > निंबा-कॉलोनी रोड पर दुपहिया वाहनों में जोरदार टक्कर!

**दिग्रस।**

सड़क दुर्घटना की एक दर्दनाक घटना रविवार सुबह 11:30 बजे सामने आयी. सूत्रों के अनुसार निंबा और कॉलोनी रोड इस मार्ग पर दो दुपहिया वाहनों की आपस में भिडंत हुई. इस सड़क दुर्घटना में आरणी तहसील के शेकलगांव निवासी 50 वर्षीय अब्दार खान मियां खान पठान की मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार निंबा गांव होते हुए दिग्रस की ओर दुपहिया वाहन पर अब्दार खान अपने बेटे शाहरुख अब्दार खान और सलमान अब्दार खान के साथ टीवीएस कंपनी के दुपहिया वाहन क्रमांक एमएच 29 बीएल 1300 से जा रहे थे. ऐसे में दिग्रस से विठोली गांव जा रहा 25 वर्षीय रामेश्वर महादेव राठोड नामक युवक स्पेलेंडर प्रो कंपनी की एमएच 29 ए जी 1300 दुपहिया वाहन से विठोली जा रहा था निम्बा और कॉलोनी के पास इन दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हुई और इसमें अब्दार खान को सर पर गंभीर चोट आई साथ ही इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में शाहरुख खान और अन्य वाहन सवार रामेश्वर महादेव राठोड भी बुरी तरह जख़्मी हुए. घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल जख्मियों को दिग्रस के ग्रामीण अस्पताल रवाना किया जहां आबदार खान मिया खान पठान को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया वहीं इस दुर्घटना में शाहरुख अब्दार खान और रामेश्वर राठोड बुरी तरह जख्मि होने से उन्हें यवतमाल के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए रवाना किया गया. वहीं सलमान अब्दार खान भी इस दुर्घटना में काफी चोटिल हुआ.



इस बीच दिग्रस पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा किया और दुर्घटनाग्रस्त दुपहिया वाहनों को बरामद कर दिग्रस पुलीस थाने में जमा किया. इस दुर्घटना का पता चलते ही मृतक अब्दार खान के रिश्तेदार दिग्रस के सरकारी अस्पताल में इकट्ठा हुए जहां शोक की लहर व्याप्त थी. दिग्रस पुलीस ने इस मामले को दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है.

# वर्धा जिला पुलिस विभाग ने किया भव्य पुलिस प्रदर्शनी का आयोजन

**वर्धा.**

पुलिस बल द्वारा महाराष्ट्र पुलिस वर्षगांठ मनाई जा रही है. इस अवसर पर पुलिस विभाग के माध्यम से नागरिकों को पुलिस के दैनिक कार्यों की जानकारी देने के लिए एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. साइबर जागरूकता और साक्षरता, यातायात विनियमन और सड़क सुरक्षा, हथियार प्रदर्शनी, मॉडल पुलिस स्टेशन, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, वायरलेस मैसेजिंग, महिला सुरक्षा, डायल 112 प्रक्रिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, फोरेंसिक वैन के संबंध में और टूल किट, क्यूआरटी और आरसीपी, होम गार्ड, लॉस्ट मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम (सीईआईआर), दंगा नियंत्रण और नक्सली हमले के संबंध में जानकारी दी जायेगी और लाइव प्रदर्शन भी किया जायेगा. साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। उक्त प्रदर्शनी दि. 06 जनवरी एवं 07 जनवरी 2025 प्रातः 10.00 बजे से रात के 10:00 बजे तक हैं. इसका आयोजन पुलिस मुख्यालय, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, वर्धा में किया गया है और उक्त प्रदर्शनी में वर्धा जिले के छात्रों और नागरिकों ने अधिकतम संख्या में भाग ले, ऐसा अनुरोध पुलिस अधीक्षक, वर्धा अनुराग जैन ने की है।

# सावंगी अस्पताल के टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की नए साल की भेंट

**वर्धा.**

सावंगी मेघे के आचार्य विनोबा भावे ग्रामीण अस्पताल में संचालित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के माध्यम से नव वर्ष के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर बांझपन उपचार और आईवीएफ ओपीडी शुरू की गई है। मातृत्व एक महिला का प्राकृतिक अधिकार है और यह प्री-स्क्रीनिंग सुविधा सावंगी मेघे अस्पताल के अलावा 7 केंद्रों पर हर हफ्ते नियमित रूप से उपलब्ध होगी. ताकि गर्भधारण से वंचित महिलाओं को आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से मातृत्व का एक आशाजनक अवसर प्रदान किया जा सके। इस पहल के तहत सोमवार को में राणे मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मंगलवार को सेलु में सावंगी अस्पताल का ग्रामीण स्वास्थ्य शिक्षा केंद्र, हिंगनघाट में तुलसकर अस्पताल, गुरुवार को पुलगांव में पार्वती क्लिनिक, शनिवार को यह विशेष जांच सुविधा आर्वी नाका क्षेत्र स्थित माई हॉस्पिटल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी.

# पत्रकार संरक्षण समिति ने किया पत्रकार दिन का आयोजन

**वर्धा.**

समिती की ओर से दर्पणकार आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर के जयंती अवसरपर दि. 6 जनवरी 2025 को दोपहर 12.30 बजे सत्यनारायण बजाज वाचनालय, मगनवाडी,वर्धा में पत्रकार दिन कार्यक्रम का आयोजन किया है. इस कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट पत्रकार व सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करनवाले सदस्यों का गौरव किया जायेगा. कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर रामदास तडस पुर्व सांसद, डॉ. पंकज भोयर, राज्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य उद्घाटक तो प्रमुख अतिथी अमर काळे, सांसद वर्धा लोकसभा क्षेत्र, राजेश बकाणे आमदार, देवळी-पुलगांव विधानसभा क्षेत्र, रवी गिते जिला जानकारी अधिकारी वर्धा, नरेश डोंगरे वरिष्ठ पत्रकार लोकमत नागपुर, प्रमोद मकेश्वर उप विभागीय पोलीस अधिकारी, वर्धा, विजय जावंधिया, किसान नेता वर्धा, मोहन अग्रवाल जेष्ठ समाजसेवी, देवळी, संजय इंगळे तिगांवकर, वि.का. अधिकारी, द.मे.उ.शि. सं.सं. सावंगी (मेघे), डॉ. गिरीश देव प्रशासकीय अधिकारी कस्तुरबा हॉस्पिटल, सेवाग्राम, विनोद पत्रे, संस्थापक अध्यक्ष, पत्रकार संरक्षण समिती, महाराष्ट्र राज्य, संदीप खडेकर, विदर्भ अध्यक्ष, पत्रकार संरक्षण समिती आदि मंच पर उपस्थित रहेंगे. तो इमरान राही, समाजसेवी, वर्धा, प्रा. राजू गोरडे, जेष्ठ पत्रकार वर्धा, यशवंत झाडे, कामगार नेता वर्धा, रविराज घुमे, विदर्भ उपाध्यक्ष, पत्रकार संरक्षण समिती,शेख सत्तार, कार्याध्यक्ष, पत्रकार संरक्षण समिती वर्धा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे.

आयोजक पत्रकार संरक्षण समिती के शशांक चतारे जिलाध्यक्ष, सतिश काळे जिला सहसचिव, संदिप रघाटाटे जिलाध्यक्ष (ग्रामिण),प्रशांत आजनकर जिला संघटक, जितेंद्र गोरडे जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद भोजने जिला कोषाध्यक्ष,योगेश कांबळे जिला सचिव, इकबाल शेख जिला सहकोषाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य तथा तालुका अध्यक्ष ने जिले के पत्रकार तथा नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

# गोरेगांव हेटी प्रकरण का खुला राज

## > तीन वर्षीय बच्ची की डंडे से मार कर हत्या

**गोंदिया.**

प्यार अंधा होता है यह अक्सर लोगों के मुंह से सुना जाता है। जिनमें से कुछ घटनाएं भी हकीकत में साबित हो रही है। ऐसी ही एक घटना गोरेगांव हेटी प्रकरण में सही साबित हुई है। प्रेमी को प्रेमिका की बेटी पसंद नहीं होने से मां ने ही अपनी तीन वर्षीय बच्ची की डंडे से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद गिरने से सिर पर चोट आने ने बच्ची की मौत होने की कहानी बनाई, लेकिन बच्ची के परिजनों को आशंका होने से मामले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने आरोपी मां व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत हेटी गांव मे सामने आई, लेकिन यह घटना प्रत्यक्ष रूप मे खापरखेड़ा (तह. सावनेर) पुलिस थाना अंतर्गत नांदा (कोराडी) में घटित हुई थी।

मृतक बच्ची का नाम मानसी ताराचंद चामलाटे (3 वर्ष) है.



गिरफ्तार आरोपियों में बच्ची की मां (29 वर्ष) और उसका प्रेमी राजपाल मालवीय (32 वर्ष, देवास, जि. उज्जैन, मध्य प्रदेश) है. मानसी के माता पिता मूल रूप सेगोरेगांव हेटी जि. गोंदिया के निवासी हैं। घटना इस प्रकार की है कि, मानसी की मां राजपाल के संपर्क में आई और उससे संबंध बने। इसके कारण मानसी की मां मानसी को छोड़कर कुछ दिन पहले राजपाल के साथ नांदा (कोराडी) में रहने आ गई। प्रेमी को प्रेमिका की बेटी पसंद नहीं होने से वह मानसी के सौंदर्य को लेकर उसे हमेशा चिढ़ाता था। इसके कारण मां के मन में बच्ची के प्रति द्वेष निर्माण हो गया।इसके चलते मां ने 26 दिसंबर की सुबह मानसी के सिर पर डंडे से वार किया और उसे घर में बंद कर चली गई। शाम को वापस लौटने पर मानसी मृत अवस्था में मिली। यह बात उसने राजपाल को बताई। राजपाल की बात पर वह मानसी को लेकर गोरेगांव के अपने गृहग्राम चली गई यहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। लेकिन मानसी के रिश्तेदारों को संदेह निर्माण हो गया कि मानसी की मृत्यु बीमारी से नहीं तो, उसकी अन्य कारणों से हुई है। जिसके बाद गोरेगांव पुलिस थाने मे शिकायत की गई।

### मां और प्रेमी को गिरफ्तार

पुलिस ने गड्ढे मे दफन मानसी के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए गोंदिया मेडिकल कॉलेज मे भेज दिया था। और मामला खापरखेड़ा पुलिस को सौंप दिया। रिपोर्ट मे खुलासा हो गया कि मानसी की मौत मारने पीटने से हुई। इस तरह मौत पर्दाफाश हो गया । जिसके बाद मानसी की मां और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया। खापरखेड़ा पुलिस ने उन्हें सावनेर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उन्हें सोमवार 6 जनवरी यानी आज तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# अधिकारी विकास कार्य समय पर करें : रहांगडाले

**तिरोड़ा.** हाल ही में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए हैं, जिसमें तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजय रहांगडाले ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है. पदभार ग्रहण करने के बाद विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधीश की अध्यक्षता में सभी विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर भुगतान को लेकर आदेश दिया गया. निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क व पुल के कार्यों को समय सीमा में पूरा कर गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर विशेष ध्यान दे, जल जीवन मिशन के तहत जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ करें, इस अवसर जिलाधीश प्रजीत नायर, विधायक विजय रहांगडाले, सभी विभाग के संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

# गाड़गे बाबा यात्रा में रोटरी क्लब का सफल स्वास्थ्य शिविर

**हिंगनघाट.**

स्थानीय वणा नदी के किनारे स्थित गाडगे बाबा यात्रा में हिंगणघाट रोटरी क्लब द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गाडगे बाबा की समाधि और वणा नदी के पार स्थित 50 फुटी विठोबा की भव्य मूर्ति हिंगनघाट और आसपास के क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। हर साल इस यात्रा में हजारों भक्त शामिल होते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रक्त समूह, हिमोग्लोबिन, शुगर और फेफड़ों की जांच की गई। करीब 150 से अधिक यात्रियों ने इस शिविर का लाभ लिया।



शिविर का उद्घाटन पुलिस अधिकारी ज्ञानेश्वर उगले ने किया। रक्त जांच की जिम्मेदारी डॉ. सतीश डांगे और उनकी कुशल टीम ने सफलतापूर्वक निभाई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, सचिव उदय शेंडे, सचिव सुभाष कटारिया, डॉ. अशोक मुखी, रविंद्र नल्लावार, विवेक तडस, अभिजीत बिडकर, पुंडलिक बकाने, पितांबर चंदानी, प्रा. अशोक बोंगीरवार, पंकज देशपांडे, उदय भोकरे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सामाजिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह अभिनव पहल यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

# फिर होगा चुनावी रणसंग्राम नगरपालिका

## > जिला परिषद और ग्रामपंचायत चुनाव का बजेगा बिगुल

**हिंगणघाट. (रवि येनोरकर)**




हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में बहुमत से जीत हासिल करते हुए सत्ता स्थापित करने मे कामयाबी हासिल की. इस दौरान हिंगणघाट तालुका के ग्रामीण इलाकों और शहरी इलाकों में चुनाव होने में अब कुछ ही महीने बचे हैं और जल्द ही चुनावी घमासान फिरसे देखने को मिलेगा. हिंगनघाट तालुका में ग्राम पंचायत के सरपंच का आरक्षण हाल ही में पूरा हुआ है. नगरपालिका ,जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव भी 22 जनवरी को कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेंगे. उस संबंध में, अनेक इच्छुकोने अपनी पूर्वतयारी जोर शोर से शुरू भी कर दी यह चित्र विधानसभा देखने को मिल रहा है प्रथम सत्र के तयारीयो में नागरिको से मेल मिलाप का दौर अनेक इच्छुककोने शुरुवात करते हुए अपनी तैयारीया को शुरू किया है .नगर परिषद, जिला परिषद पंचायत समिति के बाद, हिंगनघाट तालुका में सबसे अधिक ग्राम पंचायतो में चुनाव होन वाले है।

हालांकि विधानसभा के बाद हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तूफान शांत हो गया है, लेकिन आने वाले समय में राजनीतिक माहौल फिरसे काफी गरमाने वाला है.

विधायक समीर कुणावार ने तीसरी बार निर्वाचन क्षेत्र जीतकर हैट्रिक हासिल की है, जबकि राकांपा शरद पवार गुट के सरचिटणीस अतुल वांदीले ने विधानसभा चुनाव मे बडे मात्रा मे निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता ओके वोट अपने झोली में डालते हुए आने वाले समय मे दमदार नेतृत्व की दस्तक दिई है चुनाव में हार के बाद राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सरचिटणीस अतुल वांदीले गंभीर रहते हुए निर्वाचन क्षेत्र में सक्रिय हैं.

वह पार्टी और अपनी राजनीतिक यात्रा के लिए अगले चुनाव को गंभीरता से लेते हूऐ दिख रहे हैं.

एक नये उभार की उम्मीद राष्ट्रवादी को विधानसभा में मिले मतदान कि संख्या बाद निर्माण हुई है हार के बाद भी उम्मीद है कई लोगों ने एनसीपी की राह पर अपना अगला सफर तय करने की इच्छा जताई है और ग्राम पंचायत जिला परिषद पंचायत समिति नगरपालिका में उम्मीदवारों ने चाचपणी शुरू कर दी है और तैयारी भी शुरू कर दी है .एक तरफ लोकसभा में हार और विधानसभा में जीत के बाद बीजेपी में नई उम्मीद जगी है. राज्य में केंद्र सरकार और मौजूदा विधायकों ने विधानसभा में हैट्रिक लगाई है, इसलिए कई लोगों ने इस बार भारतीय जनता पार्टी से उम्मीदवार मिलने की उम्मीद जगी है, कईयों ने प्रयास भी शुरू कर दिए हैं. पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सांसद अमर काले को विधानसभा क्षेत्र में जो बढ़त ली थी उससे महाविकास गटबंधन को नया उत्साह मिला था. लेकिन भले ही महाविकास गटबंधन विधान सभा में इस बढ़त को बरकरार रखने में विफल रहा है, लेकिन अतुल वांदिले ने विधानसभा चुनाव मे भारी वोट अपने झोली मे डालते हुए एक नई उम्मीद बरकरार रखी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की अलग-अलग भूमिका अहम मुद्दा है.ग्राम पंचायत ,जिला परिषद, पंचायत समिति और नगरपालिका चुनाव ये व्यक्तिगत हितों और स्थानीय मुद्दों के आधार पर लड़े जाते हैं। तब इस वक्त आने वाले चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कैसे करते हैं यह महत्वपूर्ण होगा.

### कई ग्राम पंचायतों में प्रशासन नियुक्त किया गया

कई ग्रामपंचायतों में प्रशासन नियुक्त किया गया है और हिंगनघाट नगर पालिका पिछले तीन वर्षों से प्रशासनिक कार्यकाल में यात्रा कर रही है, इसी तरह, जिला परिषद मिनी मंत्रालय भी प्रशासनिक कार्यकाल में है और नागरिकों को इस समय कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले चुनाव में मतदाता राजा किसको अपने दिल से लगाते हैं,यह महत्वपूर्ण होगा कि वे किसे वोट देते हैं इस चुनावों में कई जगाहों पर राष्ट्रवादी शरद पवार गुट महाविकास आघाडी और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे के आमने-सामने होने वाले हैं और कुछ ही दिनों में एक बार फिर से चुनावी घमासान देखने को मिलेगा.

# राज्य स्तरीय टीम ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**सौंसर.** सिविल अस्पताल सौसर में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया और मूल्यांकन कर इसमें सुधार करने के दिशा निर्देश दिए । अस्पताल परिसर के बायो मेडिकल बेस्ट प्रबंधन, वर्मि कंपोस्ट को देखा वही परिसर में हो रहे निर्माण की गुणवत्ता की जांच की ।

कायाकल्प टीम के सदस्य डॉ जी एस करोडे और डॉ मिलिंद सोनी ने अस्पताल में कायाकल्प चेकलिस्ट अनुसार मूल्यांकन किया और इसमें आवश्यक सुधार के दिशा निर्देश दिए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने सिविल अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी लैब एक्सरे कक्ष ,महिला वार्ड, लेबर रूम,ओटी एक्सीडेंटल इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। यहां प्रदाय की जा रही सेवाओं का अवलोकन पर संतोष व्यक्त किया। टीम ने लैब एवं हाउसकीपिंग स्टाफ द्वारा किए जा रहे कार्यों , बायोमेडिकल बेस्ट प्रबंधन, वर्मिकंपोस्ट निर्माण को देखकर इसमें कुछ बारिकिया बताई। अस्पताल परिसर में हो रहे निर्माण को देखकर डॉक्टरों की टीम ने लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टीम ने इसके विविध पहलुओं की जाच की है।

# गड़करी के हाथों मेधावी छात्रों का सत्कार




**नागपुर.**

हाल ही में छात्रों की स्मरण शक्ति और मस्तिष्कीय कौशल को विकसित करने में मदद करने वाला तारक्ष स्मार्ट किड्स द्वारा लिया गया. परीक्षा में पथ केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा एक भव्य कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों का सत्कार किया गया.हर साल की तरह राष्ट्रीय स्तर की अबेकस ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन करता रहा है. इस वर्ष भी प्रतियोगिता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोजित की गई। ऑफलाइन परीक्षा चार चरणों में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र और तेलंगाना के 11 शहरों से 68 अकादमियों के माध्यम से 1250 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 1065 छात्रों ने ऑफलाइन और 185 छात्रों ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 350 से अधिक छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में ट्रॉफी जीती हैं। अकादमियों के योगदान को सराहते हुए, 68 अकादमियों में से 7 सर्वश्रेष्ठ अकादमियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 1300 से अधिक लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हाथों उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सत्कार किया गया। और आयोजक कोमल वाड़ेवाले, हेमलता वाड़ेवाले, उपस्थित थे. सभी छात्रों, अभिभावकों और अकादमियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और तारक्ष अबेकस कार्यक्रम के प्रति निरंतर समर्पण के लिए हार्दिक बधाई।

# वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

**नागपुर.**




सीजीओ कॉम्प्लेक्स, सेमिनरी हिल्स नागपुर स्थित केंद्रीय जल आयोग में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए "राजभाषा नीति व कार्यान्वयन" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान हेतु आयकर विभाग के उपनिदेशक व विषय विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी, 'बेबाक' को आमंत्रित किया गया था।

कार्यशाला में भारत सरकार की राजभाषा नीति क्या है और कार्यालय में इसका सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कैसे सुनिश्चित करना है इस पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यालय में राजभाषा नीति के अनुपालन को कैसे बेहतर किया जाए इस पर भी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। लगभग सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति से चर्चा सत्र को अधिक रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तेजस जैसे छात्र सैनिक युवकों के लिए प्रेरणादायी : तडस

**देवली.**

'महत्वपूर्ण यह नहीं है कि हम कितना जीवन जीते हैं, बल्कि यह मायने रखता है कि हम इसे कैसे जीते हैं। विनम्रता, ईमानदारी और होनहार युवा पीढ़ी ही समाज की असली पूंजी है। इस दृष्टिकोण में, हाल ही में एक दुर्घटना के शिकार एनसीसी छात्र सैनिक सार्जेंट तेजस शशिकांत धोटे एक आदर्श युवा के रूप में काम करते थे. दूसरे शब्दों में, तेजस धोटे जैसे छात्र सैनिक युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, यह बात पूर्व सांसद रामदास तडस ने 4 जनवरी को स्थानीय एसएसएनजे कॉलेज के एनसीसी भवन में आयोजित एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कही।




स्थानीय एसएसएनजे कॉलेज में एनसीसी के 'सद्भावना भ्रमण' कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामदास तड़स ने की, जबकि प्राचार्य डॉ. सुनीता सोनारे, तेजस के पिता शशिकांत धोटे, मां संगीता धोटे, एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर, प्रा. डॉ. नीलिमा बरगट, प्रा. सुनील राठी, प्रा. जगदीश यावले, प्रा सुनीता गजभिये, प्रा. पुनम राऊत, प्रा. सपना गजभिये उपस्थित थी.

इस मौके पर कॉलेज की ओर से दुर्घटना में मारे गये छात्र सैनिक सार्जेंट तेजस धोटे को श्रद्धांजलि दी गयी. तेजस धोटे के माता-पिता को एनसीसी विभाग द्वारा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा एनसीसी वर्दी पर तेजस की प्रतिमा भेंट की गई।

### होनहार युवा पीढ़ी ही समाज की असली पूंजी

कार्यक्रम का प्रास्ताविक कैप्टन मोहन गुजरकर, संचलन सर्जन कोमल शितले और कैडेट साक्षी येलने ने आभार व्यक्त किये. कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, एनसीसी छात्र सैनिकों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं...' के साथ हुआ।

